हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 174 देहरादून, बृहस्पतिवार, 29 दिसंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



टिहरी में होगी विश्व स्तरीय कायाकिंग कैनोइंग अकादमी की स्थापना : मुख्यमंत्री 3

# मुख्यमंत्री ने वात्सल्य योजना के तहत 06 हजार बच्चों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की 12 करोड़ की धनराशि

## लिंगानुपात मे सुधार के लिये पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन और जिला स्तर पर टास्क फोर्स के दिये निर्देश

- सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को अपणि सरकार पोर्टल से भी जोडे जाने की हो व्यवस्था।
- मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 दिसम्बर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी। आनन्द बर्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, हरि चंद्र सेमवाल, एस.एन. पाण्डे के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार लिये पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान देने के लिये जिला अधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तर पर टास्क फोर्स के गठन के निर्देश दिये। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रति सामाजिक जागरूकता के प्रसार तथा राज्य को नशा मुक्त बनाये जाने के लिये नशामुक्ति केंद्रों की स्थापना पर ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने पात्र लोगों को त्वरित ढंग से महिला एवं बाल विकास के साथ समाज के कल्याण की योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिये सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को अपणि सरकार पोर्टल से भी जोडे जाने की व्यवस्था किये जाने एवं विभागीय स्तर पर एप तैयार किये जाने के निर्देश दिये।

केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिये मिशन मोड में योजना बनाने पर भी ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने वात्सल्य योजना के तहत 06 हजार बच्चों के खाते में ऑनलाइन 12 करोड़ की धनराशि ट्रांसफर करते हुए कहा कि अनाथ बच्चों की सहायता के लिये सामाजिक सहयोग भी लिया जाय। उन्होंने स्ट्रीट चिल्ड्रन पॉलिसी बनाये जाने के साथ राज्य स्तरीय स्पान्सरशिप ट्रस्ट के गठन की संभावनाये तलासी जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य पीड़ितों, असहायों एवं जरूरत मंदों की मदद करना है।

केंद्र सरकार की आईसीडीएस, प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना, राष्ट्रीय पोषण अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेंटर, राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नम्बर 181, कामकाजी महिला छात्रावास तथा राज्य सरकार की नन्दा गौरा योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत जैसी योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सरलीकरण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। नियमों के सरलीकरण से लोगों को उनका त्वरित ढंग से लाभ मिलेगा तथा उनकी समस्याओं का भी समाधान होगा। सचिव हरि चन्द्र सेमवाल द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदेश में आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास से सम्बन्धित केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्रस्तुत की गई।

# उत्तराखंड के पशुपालक न्यूजीलैंड में लेंगे आधुनिक ट्रेनिंग : सौरभ बहुगुणा







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

न्यूजीलैंड / देहरादून 29 दिसंबर , कैबिनेट मंत्री सौरभ इन दिनों पशुपालन तथा डेयरी फार्मिंग से संबंधित जानकारियां व अध्ययन करने हेतु विदेश यात्रा पर हैं। उन्होंने क्राइस्टचर्च न्यूजीलैंड स्थित मेरोक फार्म लिमिटेड का भ्रमण किया। यह डेयरी फार्म क्राइस्टचर्च शहर से 100 कि.मी.दूर है तथा 1500 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। इस दौरान उनके साथ डा. अविनाश आनंद मुख्य अधिशासी अधिकारी भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड उत्तराखंड उपस्थित रहे। मेरोक फार्म लिमिटेड के स्वामी सुमित तथा मनोज काम्बोज उत्तराखंड मूल के गदरपुर उधम सिंह नगर के निवासी हैं। रिचर्ड डेयरी फार्म में सहयोगी पार्टनर हैं । इनके द्वारा वर्ष 2013-14 से मेरोक फार्म लिमिटेड का संचालन किया जा रहा है। जोकि न्यूजीलैंड के फोंटेरा कोऑपरेटिव मॉडल पर आधारित है। डेयरी फार्म में 2,100 गाय हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 50,000 लीटर दूध का उत्पादन किया जाता है। फार्म में सभी गाय वर्ष भर खुले में रहती हैं तथा इनको रोटेशनल ग्रेजिंग के आधार पर आहार की पूर्ति की जाती है। हरे घास के अतिरिक्त इनको कोई अन्य आहार नहीं दिया जाता है। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा को मेरोक फार्म के स्वामी सुमित तथा मनोज काम्बोज नन बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र के 12 नवयुवकों को न्यूजीलैंड में रोजगार प्रदान किया है। डेयरी फार्म में उत्तराखंड के अनिल कंबोज, रमन काम्बोज, कृपाल सिंह, मोहम्मद कासिफ, मंगत, सूरज, विजय, चेतन व राजा कार्यरत हैं।डेयरी फार्म के स्वामियों द्वारा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को जानकारी दी गई कि डेयरी फार्म में आधुनिक तकनीकी के माध्यम से गौ पालन किया जा रहा है। प्रत्येक गाय में एक ₹इलेक्ट्रॉनिक नेक कॉलर₹ लगाया गया है जिससे गाय के शरीर की गतिविधियां हेल्थ व हीट डिटेक्शन व अन्य बीमारियों की मॉनिटरिंग की जाती है। ₹मल्चिंग यूनिट₹ भी स्थापित की गई है। मिनिस्टर बहुगुणा ने डेयरी फार्म के स्वामी रिचर्ड, सुमित काम्बोज व मनोज काम्बोज को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उत्तराखंड के युवकों को न्यूजीलैंड में रोजगार प्रदान किया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने उत्तराखंड के पशुपालकों को बड़े स्तर पर डेयरी फार्मिंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डेयरी स्वामी सुमित कंबोज व मनोज कांबोज को उत्तराखंड में आमंत्रित किया है। जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान भी किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो उत्तराखंड के इच्छुक पशुपालकों को प्रशिक्षण हेतु न्यूजीलैंड भी भेजा जाएगा। सौरभ बहुगुणा ने सुमित काम्बोज व मनोज काम्बोज के द्वारा डेयरी फार्मिंग क्षेत्र में किए गए किए गए कार्यों की प्रशंसा की है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया है तथा उत्तराखंड आगमन पर सम्मानित करने की इच्छा व्यक्त की है।

# WhatsApp Support Ends : 1 जनवरी से आपके मोबाइल से गायब हो जायेगा व्हाट्सऐप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

व्हाट्सअप हमारी आपकी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चूका है लेकिन अगर हम आपको ये बताएं कि दो दिन बाद ये दोस्त गायब हो जायेगा तो चौंकना लाज़मी है। दरअसल दुनिया के सबसे पॉप्युलर इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप में से एक है। Meta के मालिकाना हक वाले व्हाट्सऐप में लगातार नए फीचर्स आते रहते हैं। यही कारण है कि यह ऐप हमेशा पुराने डिवाइस में सपोर्ट नहीं करता और ज्यादा पुराने फोन में व्हाट्सऐप चलना बंद हो जाता है। 31 दिसंबर, 2022 के बाद कुछ पुराने फोन से व्हाट्सऐप सपोर्ट (WhatsApp Support) खत्म हो रहा है। जिन डिवाइस में 31 दिसंबर 2022 के बाद व्हाट्सऐप सपोर्ट नहीं मिलेगा, उनमें सैमसंग, हुवावे और दूसरे ब्रैंड्स जैसे ऐप्पल आईफोन मॉडल शामिल हैं। गौर करने वाली बात है कि जिन मॉडल में व्हाट्सऐप नहीं चलेगा, वे काफी पुराने हैं। GizChina ने सबसे पहले इस लिस्ट को सार्वजनिक किया। देखें इन पुराने फोन की पूरी लिस्ट...




Samsung- सैमसंग गैलेक्सी ऐस 2 (Galaxy Ace 2), गैलेक्सी एस2 (Galaxy S2), गैलेक्सी एस3 मिनी (Galaxy S3 mini), गैलेक्सी ट्रेंड II (Galaxy Trend II), गैलेक्सी ट्रेंड लाइट (Galaxy Trend Lite ), गैलेक्सी एक्सकवर 2 (Galaxy Xcover 2), गैलेक्सी कोर (Galaxy Core)

Sony - एक्सपीरिया आर्क एस (Xperia Arc S), एक्सपीरिया मीरो (Xperia Miro), एक्सपीरिया नियो एल (Xperia Neo L)

इसके अलावा आर्कोस 53 प्लैटिनिम (Archos 53 Platinum), ज़ेडटीई मेमो V956 (ZTE Memo V956), ज़ेडटीई ग्रैंड एस फ्लेक्स (ZTE Grand S Flex), ज़ेडटीई ग्रैंड एक्स क्वाड v987 (ZTE Grand X Quad V987), एचटीसी डिजायर 500 (HTC Desire 500), क्वाड एक्सएल (Quad XL), लेनोवो ए820 (Lenovo A820), वीको चिंक फाइव (Wiko Cink Five), वीको डार्कनाइट ज़ेडटी (Wiko Darknight ZT)

LG - इनैक्ट 2 (Enact 2), ल्यूसिड 2 (Lucid 2), ऑप्टिमस 4X एचडी (Optimus 4X HD), ऑप्टिमस एफ3 (Optimus F3), ऑप्टिमस एफ3क्यू (Optimus F3Q), ऑप्टिमस एफ5 (Optimus F5), ऑप्टिमस एफ6 (Optimus F6), ऑप्टिमस एफ7 (Optimus F7), ऑप्टिमस एल2 II (Optimus L2 II), ऑप्टिमस L3 II (Optimus L3 II), ऑप्टिमस L3 ड्यूल (Optimus L3 Dual), ऑप्टिमस L4 II (Optimus L4 II), ऑप्टिमस L4 ड्यूल (Optimus L4 Dual), ऑप्टिमस L5 (Optimus L5), ऑप्टिमस L5 II (Optimus L5 II), ऑप्टिमस L5 ड्यूल (Optimus L5 Dual), ऑप्टिमस L7 (Optimus L7), ऑप्टिमस L7 II (Optimus L7 II), ऑप्टिमस L7 II ड्यूल (Optimus L7 II Dual), ऑप्टिमस नाइट्रो (Optimus Nitro)

# लिफ्ट में फंस जाएं तो पैनिक होने की बजाए इन टिप्स को करें फॉलो

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 दिसंबर , आजकल की भागदौड़ से भरी जिंदगी में लोग अपना कुछ समय बचाने की कोशिश करते हैं। समय की बचत के लिए ही कई लोग सीढ़ियों से चढ़ने की बजाए लिफ्ट का इस्तेमाल करते हैं। बड़ी बिल्डिंग से लेकर कंपनियों और मॉल आजकल हर जगह लिफ्ट की सुविधा मिलती ही है। लेकिन इस दौरान एक खतरा लिफ्ट में फंसने का भी रहता है। कई बार ऐसा होता है, जब लिफ्ट अचानक चलते हुए बंद पड़ जाती है। इस दौरान घबराहट होना एक बेहद ही स्वाभविक सी बात है। वैसे तो आम तौर पर लोग कुछ सेकेंड्स या फिर मिनटों के अंदर लिफ्ट में फंसने पर बाहर आ जाते हैं। हालांकि कई बार ऐसा भी होता है जब लंबे वक्त के लिए लोग लिफ्ट के अंदर फंस जाते हैं।



**ऐसे अगर आपके साथ हो तो क्या करेंगे?**

लिफ्ट में यूं फंसना किसी के लिए भी बुरे सपने जैसा हो सकता है। हालांकि इस सिचुएशन में अगर पैनिक होने की बजाए बिना घबराएं, कुछ टिप्स को फॉलो करें तो आप आसानी से बाहर निकल सकते हैं। आइए जान लेते हैं इन टिप्स के बारे में... सबसे पहले शांत रहने की कोशिश करें इसके लिए सबसे पहले आपको शांति और संयम बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसी किसी भी सिचुएशन में फंसे तो चिल्लाए या घबराएं नहीं। थोड़ी देर शांत रहे और फिर सोचें कि इस सिचुएशन से बाहर निकलने के लिए क्या किया जाए। अगर आपके साथ और भी लोग फंस गए हैं, तो उन्हें भी शांत करने की कोशिश करें। वहीं हिस्टीरिया से बचने के लिए गहरी सांस लेने का व्यायाम भी कर सकते हैं।

**रोशनी ढूंढ़ने की कोशिश करें**

लिफ्ट की अगर लाइटें बंद हैं, तो ऐसे में आप रोशनी का कोई स्त्रोत ढूंढने की कोशिश करें। इसके लिए सबसे पहले आप मोबाइल की लाइट चालू कर सकते हैं। अगर लिफ्ट में आपके फोन में नेटवर्क आ रहे हैं, तो कॉल करके मदद लेने की भी आप कोशिश कर सकते हैं। सारे बटन दबाकर देखें हर लिफ्ट में एक ओपन डोर का ऑप्शन मिलता है। लिफ्ट में फंसने पर इस बटन को दबाएं। अगर ये काम नहीं कर रहा, तो क्लोज डोर वाले बटन को प्रेस करें। ये बटन भी अगर काम नहीं कर रहा, तो दूसरे सारे बटन दबाकर चेक करें। कॉल कर ले सकते हैं मदद इसके अलावा आपको लिफ्ट के अंदर एक कॉल बटन भी देखने के लिए मिलेगा। इस पर फोन का सिंबल बना होता है। मोबाइल टॉर्ज की मदद से आप इस बटन को खोज सकते हैं। जिसके बाद इस बटन को दबाएं। ये बटन आम तौर पर आपकी सुरक्षा के लिए ही बना होता है। जब आप इस बटन को दबाएंगे तो टैक्नीशियन से संपर्क करके आपको मदद मिल सकती है । इससे मेंटेनेंस स्टाफ को भी अलर्ट मिलेगा कि लिफ्ट में कोई समस्या है।

**अलार्म के बटन का करें इस्तेमाल**

लिफ्ट में एक अलार्म बटन भी देखने मिलेगा, जो लोगों को अलर्ट करने के लिए होता है कि अंदर कोई फंस गया है और उससे मदद चाहिए। आप अगर मेंटेनेंस स्टाफ से संपर्क नहीं कर पा रहे, तो समय-समय पर इस घंटी बजाएं। लोग इससे बिल्डिंग में अलार्म सुनकर आपकी मदद कर सकते हैं। ...तो मदद के लिए चिल्लाएं आपको अगर लिफ्ट के दरवाजों के बीच रोशनी दिख रही है, तो इसका मतलब है कि लिफ्ट एक मंजिल के पास रुक गई। ऐसे में आप मदद के लिए चिल्ला सकते हैं। इस स्थिति में लिफ्ट के दरवाजे एक चाबी से खोले जा सकते हैं। जबरदस्ती दरवाजे खुद खोलने की कोशिश ना करें। अगर कोई आपको सुन नहीं पा रहा, तो लिफ्ट में बटन दबाएं। किसी का ध्यान आपकी तरफ आकर्षित नहीं हो रहा, तो मदद के लिए चिल्लाने की कोशिश करें। या फिर आप दरवाजे पर जूता या किसी दूसरी वस्तु भी थपथपा सकते हैं।




# शरीर के अंदर सूजन मायोसाइटिस बीमारी के हैं लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 दिसंबर , मानव शरीर के अंदर सूजन आना ये गंभीर बीमारी हो सकती है अगर कंधा,हाथ, पैर, जांघ, कमर और कूल्हों की मांसपेशियों में सूजन आती है तो आप मायोसाइटिस (Myositis) नामक बीमारी से पीड़ित हैं। जानिए क्या है ये मायोसाइटिस (Myositis) बीमारी मायोसाइटिस (Myositis) बीमारी एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है और इस बीमारी के कारण शरीर कई हिस्सों में सूजन आने लगती है और इस सूजन के कारण दिल, फेफड़ों और खाने की नली में भी परेशानी आ सकती है. वहीं यह बीमारी कई सारी बिमारियों का ग्रुप है बीमारी के लक्षण रिसर्च के अनुसार, इस बीमारी के लक्षण मांसपेशियों में दर्द, थकान, खाने-पीने में परेशानी और सांस लेने जैसी तकलीफ है। यह बीमारी महिलाओं को पुरुषों की तुलना में ज्यादा प्रभावित करता है और यह बच्चों को भी ये बीमारी हो सकती है. वहीं इस बीमारी के कारण वजन का घटना, बुखार, थकान, कमजोरी, रैशेज, खाने में परेशानी भी हो सकती है.




**इस बीमारी के हैं 4 ग्रुप**

मायोसाइटिस बीमारी के ग्रुप में पॉलीमायोसाइटिस, डर्मेटोमायोसाइटिस, इंक्लुज़न-बॉडी मायोसाइटिस, जुवेनाइल मायोसाइटिस शामिल हैं. वहीं पॉलीमायोसाइटिस धड़ के करीब वाली मांसपेशियों से शुरू होती है। धीरे-धीरे यह शरीर के अन्य हिस्सों में फैलता है। यह सबसे आम होता है. वहीँ डर्मेटोमायोसाइटिस की बीमारी स्किन को इफेक्ट करती है। चेहरा, आंख, गर्दन, कमर, छाती पर रैशेज निकलने लगते हैं और इंक्लुज़न-बॉडी मायोसाइटिस बीमारी कलाई, ऊंगली और जांघ के मांसपेशियों में सूजन और कमजोरी पैदा करती है।

**यह बीमारी पुरुषों में ज्यादा होता है।**

वहीं जुवेनाइल मायोसाइटिस बीमारी यह डिजीज 18 साल से कम उम्र के बच्चों को अपने चपेटे में लेता है। इसके अलावा टॉक्सिक मायोसाइटिस है और इस बीमारी में कुछ दवाओं के सेवन से दर्द और सूजन की स्थिति बनती है. मायोसाइटिस का इलाज इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है. लेकिन इसके लक्षणओं को कंट्रोल या खत्म करने के लिए दवाएं और थेरेपी दी जाती हैं। वहीं हेल्दी डाइट, फिजियो थेरेपी, एक्सरसाइज और योगा से से इसे कंट्रोल कर सकते हैं।.



# टिहरी में होगी विश्व स्तरीय कायाकिंग कैनोइंग अकादमी की स्थापना : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने नेशनल चैंपियनशिप "टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप" का उद्घाटन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी , 29 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी झील में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप "टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप" का उद्घाटन किया इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन स्थल पर लगे विभिन्न स्टाल्स का निरीक्षण किया साथ ही पहले सत्र की विजेता टीमों मेडल प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पहला मौक़ा है जब टिहरी झील में राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ₹समृद्ध खेल संस्कृति₹ का विकास हो रहा है, हाल के दिनों में हमारे खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन इसका प्रमाण हैं।





उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिसके ज़रिए खिलाड़ी न केवल अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करते हैं बल्कि इससे उनके प्रदेश और देश का नाम भी रोशन होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी के अनेकों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में जहां एक ओर सरकार ने ₹नई खेल नीति₹ लागू की है वहीं दूसरी ओर सरकार ने नौकरियों में पुनः ₹खेल कोटा₹ प्रारंभ करने का ऐलान भी किया है। उन्होंने टीएचडीसी का इस आयोजन हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस खेल से एक ओर जहां राज्य के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर टिहरी क्षेत्र में पर्यटन का विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि टिहरी में इस खेल के आयोजन से वाटर स्पोर्ट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले देश और प्रदेश के नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य को सर्वश्रेष्ठ बनाने के संकल्प को पूरा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। वर्तमान में टिहरी में पर्यटन के विकास के लिए अनेकानेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। टिहरी झील को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन का केंद्र बनाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।इस दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि खेलों को बढ़ावा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यह तय किया गया है कि ऊर्जा मंत्रालय की हर एक कंपनी एक खेल को अंगीकृत करेगी, इसी क्रम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा कयाकिंग कैनोइंग खेल को अंगीकृत किया गया है । केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि टिहरी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में बेहतर खेल प्रतिभाओं को टीएचडीसी द्वारा विदेश में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि पहाड़ों में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की अपार संभावनाएं हैं जिसको केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।





केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केंद्र और राज्य सरकार है एक साथ मिलकर काम कर रही हैं। इस दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक शक्ति लाल शाह , विनोद कंडारी, विक्रम सिंह पांवर के अलावा सचिव ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, टीएचडीसी के सीएमडी आरके विश्नोई समेत विभिन्न राज्यों के 15 टीमों ने प्रतिभागी मौजूद रहे।

# राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना : प्रदेश के बाहर दो और बड़े निजी अस्पताल हुए सूचीबद्ध

**अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद व एशियन हॉस्पिटल में होगा मुफ्त उपचार**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादूनः 29 दिसंबर , राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित हो रही राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजकीय कार्मिकों व पेंशनर को कैशलेस उपचार सुविधा हेतु प्रदेश के बाहर दो और निजी अस्पताल भी सूचीबद्ध हो गए हैं। इसमें अमृता हास्पिटल इंसीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर फरीदाबाद हरियाणा व एशियन इंसीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस फरीदाबाद शामिल हैं। अब उक्त अस्पतालों में भी एसजीएचएस के लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिल सकेगी।एसजीएचएस के अंतर्गत राजकीय कार्मिकों व पेंशनर को निशुल्क कैशलेस ;असीमित उपचार खर्चद्ध सुविधा दी जाती है। आयुष्मान योजना की नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश से बाहर 30 हजार से अधिक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल लाभार्थियों की सेवा के लिए सूचीबद्ध हैं।हाल ही में एसजीएचएस के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में अमृता हास्पिटल इंसीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर हरियाणा व एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस फरीदाबाद दो बड़े निजी अस्पताल भी सूचीबद्ध हो गए हैं। योजना के तहत सूचीबद्ध संस्थानों में शामिल हुए उक्त अस्पतालों में हृदय रोग, कैंसर, न्यूरो, किडनी समेत अन्य व्याधियों के कैशलेस उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने किया शुभारम्भ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर 29 दिसम्बर , कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर सेन्टर रूद्रपुर द्वारा डीएम ऑफिस में लगाये गये निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने फीता काट कर शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल के इस दौर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न बीमारियों की जांच करना एवं जांच के उपरांत ईलाज में सहयोग करना एक यह एक अच्छी पहल है।

उन्होने कहा कि किसी भी बीमारी का जांच के उपरांत ही पता चल पता है, और उसी के अधार पर सही तरह से ईलाज सम्भव हो सकता है। उन्होने कहा कि स्वस्थ्य रहकर ही मनुष्य अपने जीवन में कोई कार्य कर सकता सकता है। उन्होने इस कार्य के लिये शुभकामना व बधाई दी। जांच शिविर में हॉस्पिटल द्वारा लोगों को निःशुल्क जांच के साथ ही निःशुल्क दवाईया भी उपलब्ध करायी गयी। इस



अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, हॉस्पिटल के चेयरमैन विजय अग्रवाल, डॉ0 गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड युवाओं के लिए खुशखबरी CRPF में 1458 पदों पर निकली भर्ती





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल के 14 सौ से अधिक पदों पर भर्ती के लिए संक्षिप्त अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार एएसआई स्टेनो के 143 पदों और हेड कांस्टेबल के 1315 पदों समेत कुल 1458 पदों पर भर्ती की जानी है। आवेदन प्रक्रिया 4 जनवरी से शुरू होगी और उम्मीदवार 25 जनवरी 2023 तक अपनी एप्लीकेशन जमा कर सकेंगे। आवेदन के दौरान उम्मीदवारों को सौ रुपये के शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा, हालांकि एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के साथ-साथ सभी वर्गों की महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क में पूरी छूट दी गई है। योग्यता क्या मांगी गई है, ये भी बताते हैं।

सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल पदों के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटर पास होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवारों की कंप्यूटर पर हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम टाइपिंग स्पीड होनी चाहिए। इसी तरह एएसआई स्टेनो के पदों के लिए उम्मीदवार का 12वीं पास होना जरूरी है।

सभी पदों के लिए उम्मीदवारों की आयु 25 जनवरी 2023 को 18 वर्ष से कम या 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। विभिन्न आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल या असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन के योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट crpf.gov.in पर विजिट करें। यहां ऑनलाइन फॉर्म मिलेगा। इसे भरकर भर्ती के लिए आवेदन कर दें।

# क्या 1 जनवरी से 1,000 रुपये के नोट वापस आ रहे हैं ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि 1,000 रुपये के भारतीय नोट वापस आ रहे हैं। उसमे कहा गया है कि 1 जनवरी 2023 से सरकार द्वारा 2,000 रुपये के नोट भी बंद कर दिए जाएंगे।इस बीच फर्जी मैसेज का भंडाफोड़ करते हुए पीआईबी ने कहा है कि यह मैसेज फेक है। पीआईबी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि 1 जनवरी से 1,000 रुपये के नए नोट आने वाले हैं और 2,000 रुपये के नोट बैंकों में वापस आ जाएंगे, यह वास्तव में फर्जी खबर है। पीआईबी ने लोगों से इस तरह के भ्रामक संदेशों को फॉरवर्ड नहीं करने का भी आग्रह किया है।पीआईबी समय-समय पर सलाह देता है कि लोगों को वायरल संदेश के रूप में भेजे जा रहे ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए।

**पीआईबी द्वारा संदेशों की तथ्य-जांच कैसे करें**

यदि आपको ऐसा कोई संदेहास्पद संदेश मिलता है, तो आप हमेशा इसकी सत्यता को जान सकते हैं और जांच सकते हैं कि समाचार वास्तविक है या यह नकली समाचार है। इसके लिए आपको https://factcheck.pib.gov.in पर मैसेज करना होगा। वैकल्पिक रूप से आप तथ्य की जांच के लिए +918799711259 पर व्हाट्सएप संदेश भेज सकते हैं। आप अपना संदेश pib-factcheck@gmail.com पर भी भेज सकते हैं। फैक्ट चेक की जानकारी https://pib.gov.in पर भी उपलब्ध है।



# देहरादून वाले सावधान बिना हेलमेट मिले तो भरना होगा भारी जुर्माना, बाइक होगी सीज




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादूनः स्कूटी-बाइक चलाते वक्त हेलमेट नहीं पहनते हैं. तो सुधर जाइए। ऐसे वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए परिवहन विभाग अभियान शुरू करने जा रहा है. देहरादून में अगर कोई बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाता पकड़ा गया तो उस पर 1000 रुपये का लगेगा। इतना ही नहीं वाहन सीज कर दिया जाएगा।

वाहन चालक को बिना वाहन के बस, विक्रम या ऑटो से उनके गंतव्य के लिए भेजा जाएगा। आरटीओ प्रवर्तन शैलेश तिवारी ने बताया कि शुरुआत में केवल चालक के लिए हेलमेट अनिवार्य किया गया है, बाद में पीछे बैठी सवारी के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाएगा। जो लोग बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े जाएंगे, उनका चालान काटा जाएगा, वाहन को सीज कर दिया जाएगा।अभियान का उद्देश्य जनता को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। सड़क हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने हेलमेट पर रिफ्लेक्टर युक्त लाल पट्टी लगाना अनिवार्य कर दिया है।

यह पट्टी रात में रोशनी पड़ने पर दूर से चमकने लगेगी, जिससे अंधेरा होने पर भी सामने से आ रहे वाहन चालक को दुपहिया वाहन की उपस्थिति का पता लग जाएगा। इस प्रयास से रात में होने वाले हादसों को कम करने में मदद मिलेगी। आप भी ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। जुर्माने से बचने के लिए नहीं अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें। यातायात नियमों का पालन करना कितना जरूरी है, यह बात उन लोगों से पूछिए जिनके स्वयं हादसों में जान गंवा चुके हैं। नियमों का पालन करने से खुद के साथ ही दूसरों को भी बचाया जा सकता है, इसलिए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कभी न भूलें।

# मंत्री डा0 अग्रवाल का विस्थापित जन कल्याण समिति ने आभार - ये है मामला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 29 दिसंबर , विस्थापित जन कल्याण समिति पशुलोक ऋषिकेश के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डा0 प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान पशुलोक को राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद की प्रक्रिया भूमिधरी अधिकार के लिए समिति बनाए जाने पर मंत्री डा0 अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में हुई मुलाकात पर समिति के सचिव प्रताप सिंह राणा ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक डा० प्रेमचंद अग्रवाल की बदौलत पशुलोक को उनका अधिकार मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष और मंत्री डा0 अग्रवाल के सहयोग के बाद आज पशुलोक विस्थापित राजस्व ग्राम घोषित हुआ है। उन्होंने कहा कि पशुलोक विस्थापित राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद अब भूमिधरी अधिकार की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए तहसील स्तर से एक एक्सपर्ट की टीम क्षेत्र में दस्तावेज तैयार करने हेतु सर्वे कर रही है।



इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने पशुलोक विस्थापित क्षेत्र के सात राजस्व ग्रामों के निवासरत परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ग्राम सभाओं के गठन की मांग मंत्री डा0 अग्रवाल से की। मंत्री डा0 अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार काम करने वाली सरकार है तभी पशुलोक विस्थापित क्षेत्र को उनके अथक प्रयासों के बाद राजस्व ग्रामों का दर्जा मिला है। और जल्द ही ये अपने मूर्तरूप में होंगी।इस मौके पर प्रताप सिंह राणा, प्रताप सिंह पंवार, दिनेश बहुगुणा, राजेंद्र तड़ियाल, पूर्ण सिंह खरोला, धर्म सिंह तड़ियाल, रमेश नेगी, महावीर नेगी, सज्जन सिंह तड़ियाल, भीम सिंह पंवार आदि उपस्थित रहे।

# शकुंतला काला बिंजोला बनी उक्रांद देहरादून महानगर अध्यक्ष

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 दिसंबर , उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता सुलोचना ईष्टवाल ने शकुंतला काला बिंजोला को देहरादून महानगर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर शालिनी कैंतुरा दल में शामिल हुई जिन्हे बद्रीपुर नवादा मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया. इस अवसर पर सुलोचना ईष्टवाल ने कहाँ कि महिलाओं के योगदान से ही राज्य का निर्माण हुआ। 22 वर्षो में राज्य की जो दुर्दशा भाजपा और कांग्रेस ने किया इसे दुरुस्त उक्रांद महिला प्रकोष्ठ जनता के बीच जाकर पोल खोलेगा। पुरे प्रदेश में महिला प्रकोष्ठ को मजबूत कर महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगी। उक्रांद महिला प्रकोष्ठ अंकिता भंडारी हत्या एवं उससे पूर्व हुई घटनाओं को लेकर सरकार पर दबाव बनाकर सी बी आई जाँच की मांग करेंगी। इस अवसर पर उत्तरा पंत बहुगुणा,रमा चौहान,सरोज मेहर, सविता कश्यप, मीना थपलियाल, मंजू रावत, नीलम लखेडा, नैना लखेडा, एकादशी बहुगुणा आदि उपस्थित थे।



# सॉफ्ट ड्रिंक और पैक्ड जूस तेजी से बढ़ाते हैं ब्लड शुगर, ये है फायदेमंद टिप्स

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 दिसंबर , क्रिसमस सेलिब्रेशन के बाद नए साल का इंतजार हर इंसान बेसब्री से कर रहा है। छुट्टी के मौसम में खान-पान के बिना इंज्वाय अधूरा लगता है। डायबिटीज के मरीज अगर डाइट में लापरवाही बरतें और खान-पान का ध्यान नहीं रखें तो छुट्टियों का मज़ा किरकिरा हो सकता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। फेस्टिवल सीजन में डाइट में की गई थोड़ी सी भी लापरवाही आपकी परेशानी को बढ़ा सकती है।नए साल के जश्न में पीने-पीलाने का चलन बेहद ज्यादा रहता है। इस मौके पर सॉफ्ट ड्रिंक और पैक्ड जूस Blood Sugar को तेजी से तेजी से बढ़ाते हैं। ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।देहरादून में जब हमने एक्सपर्ट डॉक्टर्स से न्यू ईयर सेलेब्रेशन और फ़ूड फन पर बात की तो उनका कहना है कि डाइट और उचित भोजन योजना डायबिटीज को कंट्रोल करने में असरदार है। छुट्टियों के मौसम में घर और बाहर कई तरह के आकर्षक व्यंजन तैयार किए जाते हैं ऐसे में आपको अपनी डाइट पर बुद्धिमानी से ध्यान देना जरूरी है। आइए जानते हैं कि त्यौहार के मौके पर किन बातों का ध्यान रखें कि ब्लड शुगर कंट्रोल रहे।

**सॉफ्ट ड्रिंक और पैक्ड जूस से परहेज करें**

शीतल पेय, डिब्बाबंद जूस का सेवन नए साल पर करेंगे तो ब्लड में शुगर का स्तर तेजी से बढ़ने लगेगा। जश्न के मौके पर आप पानी,





बिना चीनी वाली चाय, कॉफी, हर्बल चाय और इन्फ्यूज्ड पानी जैसे कम या बिना चीनी वाले विकल्प चुनें ब्लड शुगर कंट्रोल रहेगी।

**खाने को स्किप करने से बचें**

अगर किसी को फेस्टिव लंच या डिनर में इनवाइट किया गया है, तो ब्रेकफास्ट स्किप करने की कोई जरूरत नहीं है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर नाश्ता करना फायदेमंद होता है, क्योंकि यह शुगर को कंट्रोल करेगा और भूख को शांत करेगा।

**हेल्दी फैट का सेवन करे**

त्योहार के मौके पर हेल्दी रहना चाहते हैं तो हेल्दी फैट का सेवन करें। हेल्दी फैट में बादाम, अखरोट, एवोकाडो और जैतून के तेल शामिल हैं। इन तेल में मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड वसा शामिल हैं। ये कोलेस्ट्रॉल के स्तर (maintain cholesterol levels) को बनाए रखते हैं और दिल के रोगों का जोखिम कम करते हैं।

**आलू की जगह शकरकंद का करें सेवन**


शकरकंद स्टार्च से भरपूर होती हैं, लेकिन ये आलू की तुलना में एक हेल्दी ऑप्शन है। शकरकंद का कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) है जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है। इसमें बीटा कैरोटीन और पोटेशियम जैसे अन्य पोषक तत्व मौजूद हैं जो बॉडी को हेल्दी रखते हैं।

# क्या आप भी लेते हैं हिप्नोटिक स्लीप ? जानिए योग निद्रा के फायदे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 दिसंबर , क्या आप लम्बे समय तक स्वास्थ्य और सेहतमंद ज़िंदगी जीने का सपना देखते हैं / क्या आप चाहते हैं कि निरोगी काया और हेल्थी लाइफ स्टाइल आपको हमेशा जवान बनाये रखे ? आप ही नहीं जनाब ये ख्वाब तो हर इंसान देखता है। बस पुरे करने का ज्यादातर इंसान को सही फार्मूला नहीं मालूम होता है। आज इसी विषय पर हम बात करने वाले हैं। वैसे तो सारे ही योग हमे किसी न किसी तरह लाभ प्रदान करते है पर यह सबसे आसान योग है , योग निद्रा हमारे स्वास्थ्य और सबसे अधिक मस्तिस्क को रिलेक्स देने के लिए सबसे बेहतर विकल्प है , रोज मात्र 15 से 30 मिनट की यह योग नींद आप को कई बड़ी बीमारियों से बचा सकती है दरसल यदि अभी आप नही जानते की योग निद्रा क्या है और इसे कैसे करे तो हमारीये खबर ज़रूर पढ़े। योग निद्रा जिसे हिप्नोटिक स्लीप भी बोलते है हमारे शारीर के इमियुनिटी सिस्टम को बढ़ाता है और मस्तिष्क को सामान्य नींद से ज्यादा रिलेक्स करता है ,





**योग निद्रा हमे प्रमुखता से किन बीमारियों से बचाती है ?**

मस्तिस्क रोगों मनोवैज्ञानिक बीमारियों का राम बाड़ इलाजशिर दर्द से निवारणगर्दन के दर्द में भी राहत मिलेगीब्लड प्रेसर समस्या कम पड़ेगीकमर दर्द से राहतजोड़ो के दर्द में भी लाभकारी हैहार्ट अटैक से भी बचाती है यह योग निद्राडायबिटीज लेवल भी कम होता हैअस्थमा में भी लाभकारीयाद दास्त बढती है भूलने की बीमारी में मददगार

**योग निद्रा के और क्या लाभ है ?**

एकाग्रता बढती हैतनाव घटाती हैथकान से निजात दिलाने में फायदेमंदतंत्रिका तंत्र का कार्य सुचारू होने से शरीर के अन्य अंगों की कार्यक्षमता बढ़ जाती है खिलाड़ी भी मैदान में खेलों में विजय प्राप्त करने के लिए योगनिद्रा लेते हैं

# FRI में बच्चों के साथ घूम रही मादा गुलदार 15 जनवरी तक लोगों की आवाजाही पर रोक



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में पिछले कई दिनों से मादा गुलदार अपने बच्चों के साथ दिख रही है, जिससे संस्थान में दहशत का माहौल बना हुआ है। सुरक्षा को देखते हुए संस्थान के रजिस्ट्रार ने 15 जनवरी तक परिसर में पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

रजिस्ट्रार एसके थॉमस ने मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को पत्र लिखकर परिसर के जंगलों में घूम रही मादा गुलदार को बच्चों समेत पकड़कर संस्थान से बाहर जंगल में छोड़ने की अपील की है। बता दें कि वन अनुसंधान संस्थान में काफी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक घूमने आते हैं।

कई लोगों ने मादा गुलदार को बच्चों के साथ परिसर के आसपास घूमते देखा है। गनीमत रही कि अब तक मादा गुलदार ने किसी भी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है। इसकी जानकारी संस्थान के निदेशक और रजिस्ट्रार को मिली तो उन्होंने एहतियाती कदम उठाते हुए उक्त फैसला लिया।

रजिस्ट्रार एसके थॉमस ने बताया कि संस्थान के सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए हैं कि वह मादा गुलदार पर नजर बनाए रखें। यह पहली बार नहीं है जब वन अनुसंधान संस्थान परिसर में गुलदार देखे जा रहे हैं।

# मत मचाना न्यू ईयर में हुड़दंग, पौड़ी एसएसपी श्वेता चौबे का पड़ेगा तगड़ा दंड


## पहले पढ़ लीजिये पौड़ी एसएसपी श्वेता चौबे की अपील और निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 29 दिसंबर , अगर आप नए साल का जश्न मनाने जा रहे हैं तो उत्तराखंड पुलिस और एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे की ये अपील ज़रूर सुन लीजिये। क्योंकि मस्ती और जोश में आपकी लापरवाही और हुड़दंगी आदत आपके मज़े को खराब भी कर सकती है। एसएसपी श्वेता चौबे ने अपील की है कि शान्ति एवं कानून व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा। लिहाज़ा हुड़दंग करने वाले उपद्रवियों को किसी हाल में न बख्शा जाये।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के ये हैं निर्देश**

जनपद के कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत दुगड्डा, कौड़िया, थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत गरुड़ चट्टी बैरियर, श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत पौड़ी चुंगी, कलियासौड़ के अतिरिक्त समस्त थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पड़ने वाले बैरियरों पर ऐल्कोमीटर के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों, हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करेंगे, साथ ही शहरी क्षेत्रों में पार्किंग स्थल चयनित करेंगे।





लैन्सडाउन तथा लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले रिसोर्ट मालिकों से गोष्ठी कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।अपने-अपने सर्किल क्षेत्रान्तर्गत ऐसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों, बारों की सूची तैयार करेंगे, जहां नव वर्ष के आगमन की पार्टियों का आयोजन किया जाता है, आयोजन स्थलों पर भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 की GUIDELINES का सख्ती से पालन करायेंगे।

होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों, बारों में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों को पूर्व से चेक कर लेंगे, जो सी0सी0टी0वी0 कैमरे काम नहीं कर रहे सम्बन्धित मालिकों को कैमरे ठीक कराने हेतु अवगत करायेंगे।थाना कोटद्वार की सनेह चौकी के निकट विगत वर्षो में कार्बेट नेशनल पार्क में असामाजिक तत्वों के जाने की शिकायतें प्राप्त हुयी हैं, जिसके दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कोटद्वार सनेह चौकी बैरियर पर आवश्यक पुलिस बल नियुक्त कर भौतिक रुप से स्वयं चैक करेंगे।नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों द्वारा आतिशबाजी भी की जाती है, इस सम्बन्ध में आमजनमानस को माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु अवगत करायेंगे।अपने-अपने क्षेत्र में थाने के चीता मोबाइल, डायल-112 एवं थाने के वाहनों को लगातार भ्रमणशील रखेंगे, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा कोई अप्रिय घटना घटित होने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुँचा जा सके एवं पीड़ित/घायलों को चिकित्सा उपचार हेतु निकटत्तम अस्पताल पहुँचाया जा सके।समस्त क्षेत्राधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत समुचित पुलिस प्रबन्ध करते हुये नियुक्त पुलिस बल का ड्यूडी चार्ट तैयार कर समय से प्रेषित करेंगे तथा सर्किल के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने सर्किलों/थाना क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर आवश्यक व्यवस्था दिखवायेंगे।

# क्या आप द कपिल शर्मा शो में जाना चाहते हैं?




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कपिल शर्मा शो भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में देखा जाता है। जो सोनी लिव टीवी चैनल पर आता है। जिन लोगों को कपिल शर्मा की कॉमेडी पसंद है वो एक बार इस शो में जरूर आना चाहते हैं. यूं तो यह शो सभी लोगों का पसंदीदा शो है, लेकिन इस शो को लेकर लोगों के मन में कई सवाल हैं।

जिनके बारे में आज हम इस लेख में जानेंगे। लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि कपिल शर्मा शो में कैसे जाएं? कपिल शर्मा शो के टिकट कैसे बुक करें? कपिल शर्मा शो टिकट की कीमत क्या है? और कपिल शर्मा शो का टिकट कैसे बुक करे। आज इस लेख में आपको कपिल शर्मा के शो से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने वाली है।अगर आप इस आर्टिकल को पूरा पढ़ेंगे तो आपको कभी भी गूगल पर सर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी कि कपिल शर्मा शो में जाने के लिए क्या करें? इस शो में कपिल शर्मा के साथ-साथ और भी कई लोग हैं इसलिए ये अपने अलग-अलग किरदारों से लोगों का दिल जीत लेते हैं.यहां हर एपिसोड में कोई न कोई बड़ी हस्तियां आती रहती हैं. अगर आप इस शो में जाते हैं तो आपको मशहूर हस्तियों से मिलने और बात करने का भी मौका मिलता है। तो आइए जानते हैं, कैसे जाएं कपिल शर्मा के शो में-

**कपिल शर्मा शो में कैसे जाएं**

द कपिल शर्मा शो की शूटिंग मुंबई के दादासाहेब फाल्के फिल्म सिटी में हुई है। अगर आप भारत के किसी भी हिस्से में रहते हैं तो आपको सबसे पहले मुंबई आना होगा उसके बाद आपको दादासाहेब फाल्के फिल्म सिटी (दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी) जाना होगा जो कि मुंबई के गोरेगांव में स्थित है। गूगल मैप की मदद से आप यहां लोकेशन भी पता कर सकते हैं।इसके बाद आपको यहां जाकर कपिल शर्मा शो के कोऑर्डिनेटर से बात करनी होगी, जो इस शो की जिम्मेदारी संभालते हैं। इससे आपको शो में एंट्री मिलेगी। अगर किसी वजह से आपको शो में एंट्री नहीं मिलती है तो आप शो के कोऑर्डिनेटर से पूछ सकते हैं कि अगली शूटिंग कब है आप उस दिन भी शो में आ सकते हैं.आपको बता दें कि कपिल शर्मा के शो में आने के लिए आपको किसी को एक रुपया भी नहीं देना होता है, यहां आपको एंट्री बिल्कुल फ्री मिलती है। शो में आने के लिए 2000 हजार से ज्यादा लोगों की लाइन लगी हुई है. जहां आपको फ्री में पास दिया जाता है।

अगर इस दौरान आपका नंबर नहीं आता है तो आप अगली शूटिंग का इंतजार कर सकते हैं।आप चाहें तो कपिल शर्मा के शो के मेकर्स को ट्विटर पर फॉलो कर सकते हैं और उन्हें ट्वीट कर शो का पास लेने की गुजारिश कर सकते हैं. इसके अलावा आप शो के मेकर्स को ईमेल भी कर सकते हैं। भले ही आप शो के किसी भी क्रू सदस्य से परिचित हों, आप यहां आसानी से पास प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में आप बिल्कुल फ्री में कपिल शर्मा के शो में जा सकते हैं। यहां जाने के लिए आपको किसी को एक रुपया भी देने की जरूरत नहीं है।

# 1 दिन में दिए 31 अंडे देकर उत्तराखंड में मुर्गी ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण के लोग हैरान है। दरअसल जो खबर सामने आई है उसको सुनकर सभी हैरान हैं. यहां एक मुर्गी ने कीर्तिमान बनाया है. इस अद्भुत मुर्गी ने एक दिन में ही 31 अंडे देखकर सबको हैरत में डाल दिया है. बासोट निवासी गिरीश चंद्र बुधानी का दावा है कि उसकी मुर्गी ने एक दिन में 31 अंडे दिए है, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है. गिरीश का कहना है कि मुर्गी अभी तक 10 दिन में 52 अंडे दे चुकी है. वीडियो वायरल होने के बाद पशुपालन विभाग की टीम भी मुर्गी को देखने पहुंची है.बासोट निवासी गिरीश चंद्र बुधानी कहते हैं कि बच्चों के कहने पर उन्होंने दो मुर्गियां पाली. वैसे तो मुर्गियां एक या दो ही अंडे देती थी, लेकिन रविवार को उसने एक के बाद एक 31 अंडे दिए. गिरीश चंद्र बुधानी ने बताया कि 12 घंटे में मुर्गी ने 31 अंडे दिए और वह स्वस्थ हैं. उन्होंने बताया कि पिछले 10 दिनों में मुर्गी ने 52 अंडे दिए हैं. हालांकि वायरल वीडियो की न्यूज़18 पुष्टि नहीं करता है.

**लहसुन और मूंगफली की शौक़ीन है मुर्गी**

गिरीश ने बताया कि मुर्गी सामान्य तौर पर ही खाना खा रहे है. उन्होंने बताया कि लहसुन और मूंगफली मुर्गी को काफी पसंद है. इस बीच वायरल वीडियो को देखकर पशुपालन विभाग भी हैरान हो गया और गिरीश के घर जा पहुंचा. पशुपालन विभाग के अधिकारी भी गिरीश से मिले और उनसे हकीकत जाना.साथ ही पशुपालन विभाग के अधिकारी ने गिरीश से कहा कि वे मुर्गी के लिए कुछ कैल्शियम की खुराक दे रहे हैं, ताकि वह ऐसे ही अंडे देती रहे.

## संपादकीय

# भारत की भूमिका

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा है कि शांति फॉर्मूले को लागू करने के लिए उन्हें भारत की मदद का भरोसा है. इस वर्ष 24 फरवरी से शुरू हुए रुस-यूक्रेन युद्ध के थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं. इंडोनेशिया में हुए जी-20 समूह की बैठक के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दस सूत्री फॉर्मूला वैश्विक नेताओं के सामने रखा था. भारत एक दिसंबर से इस समूह का अध्यक्ष है. भारत सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को भरोसा दिलाया है कि भारत किसी भी शांति प्रयास का समर्थन करता है. उन्होंने तुरंत लड़ाई रोकने तथा संवाद एवं कूटनीति का रास्ता अपनाने का आह्वान किया है. कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की थी. यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन संबंधी प्रस्तावों का समर्थन करने तथा मानवीय सहायता भेजने के लिए भारत के प्रति आभार भी व्यक्त किया है. कुछ समय पहले हुई ब्रिक्स देशों के नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से आमने-सामने की बातचीत में स्पष्ट रूप से कहा था कि इक्कीसवीं सदी में युद्ध के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए. विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों से भी प्रधानमंत्री मोदी युद्ध के स्थान पर बुद्ध के संदेशों का पालन करने का आह्वान करते रहे हैं. उल्लेखनीय है कि रूस से सस्ता तेल खरीदने पर अमेरिका व यूरोप के अनेक देशों ने भले ही भारत से अपनी आपत्ति जतायी हो, पर रूस-यूक्रेन मसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों समेत अनेक पश्चिमी नेता प्रधानमंत्री मोदी के रूख की प्रशंसा कर चुके हैं. प्रधानमंत्री मोदी और जेलेंस्की की बातचीत की रिपोर्ट देते हुए पश्चिमी मीडिया ने भी भारत की सराहना की है. उल्लेखनीय है कि जी-20 समूह की बैठक में कड़े शब्दों में युद्ध की निंदा करते हुए जो घोषणा हुई थी, उसे तैयार करने में प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी भूमिका रही थी. भारत ने रूस व यूक्रेन के साथ अपने संबंधों के बारे में अपनी स्थिति को स्पष्ट रूप से दुनिया के समक्ष रखा है. हमारी ओर से यह भी बार-बार कहा गया है कि युद्ध को रोकने के लिए भारत जो भी कर सकता है, वह करेगा. चाहे पश्चिमी देश हों या फिर रूस व यूक्रेन, वे सभी भारत की ओर देख रहे हैं. उन्हें पता है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक हितों का भी आकांक्षी है. यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा व प्रभाव को इंगित करता है. प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही रेखांकित किया है कि भारत ने विश्व में एक विशेष स्थान अर्जित किया है.

# खेलों और खिलाड़ियों के प्रति सरकार है गंभीर : रेखा आर्या




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 दिसंबर , प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अनुसूचित जनजाति के ओपन पुरुष की राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के कार्यक्रम में कहा कि यह बेहद खुशी कि आज हमारे प्रतिभावान खिलाडी कई खेलो में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। आज हमने खिलाड़ियों के लिए कई सारी योजनाएं चलाई है जिनके द्वारा हमारे बच्चो को अपने खेल को निखारने में लाभ मिल रहा है।खेल मंत्री ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं।खेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हम राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ करने जा रहे है यह महाकुंभ न्याय पंचायत स्तर से शुरू हुआ जो कि ब्लॉक और जिला स्तर से होते हुए अब राज्यस्तर पर आयोजित होने जा रहा है । इस खेल महाकुंभ में हमारे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है साथ ही इसके जरिये हमारे खिलाड़ी भविष्य के लिए तैयार होंगे। इस अवसर पर सचिव खेल व युवा कल्याण जितेंद्र सोनकर ,संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट ,संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल ,उपनिदेशक शक्ति सिंह ,जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग सहित अधिकारीगण,कर्मचारी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सभा में भगदड़; सात की मौत, मुआवजे की घोषणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की जनसभा में भगदड़ मचने की खबर है। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जनसभा नेल्लोर जिले के कुंदुकुर में आयोजित की गई थी।

जानकारी के मुताबिक, लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में पहुंचाया गया। इनमें से पांच लोगों को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। थोड़ी ही देर बाद दो अन्य लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जनसभा के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई, जिसके बाद यह भगदड़ मची। इस दौरान टीडीपी के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि नेल्लोर जिले के कंदुकुर कस्बे में बुधवार को एक नहर में गिरने से एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। आठ अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब चंद्रबाबू नायडू वहां एक रोड शो को संबोधित कर रहे थे। प्रारंभिक सूचना के आधार पर उन्होंने बताया कि बैठक स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और बैठक के दौरान लोगों के बीच कुछ धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने कहा कि स्पष्ट तस्वीर बाद में सामने आएगी। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। नायडू ने तुरंत सभा रद्द कर दी और मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने पार्टी नेताओं से घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को भी कहा।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002


email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# अंकल जी फूट पड़े है उत्तराखंड की मित्र पुलिस पर

## पढ़ लो गुस्से की क्या-क्या है वजहें, सुझाव भी लाजवाब है साहेब, नज़र डालो ज़रा!

(ये रिटायर्ड सरकारी अधिकारी एल.एन.शर्मा के स्वतंत्र विचार है,लेख है)
न्यूज़ वायरस नेटवर्क





मित्र पुलिस की मित्रता।

पुलिस और मित्रता,सुनकर चोंकिये मत जनाब। हम सही कह रहे हैं और बात कर रहें हैं अपनी उत्तराखंड मित्र पुलिस की। अपनी पुलिस की मित्रता की जितनी कहानियां सुनाई जाय कम है। वैसे ऐसा भी नही कि केवल मित्रता ही हो, बड़ा अपराध हो जाय तो यही पुलिस अपने आधुनिक परिवेश में आकर अपराधियों के चिथड़े उतार फेंकती है। अब आप कहेगे कि दोहरी बात कर रहा हूँ ।वो ऐसे कि बड़े अपराधों को छोड़ दें तो शहर में छोटे अपराधों की तो मानो खुली छूट हो गयी है। चौराहों पर वर्दीधारी एक ओर किनारे सुस्ताते देखे जा सकते हैं। उनका ध्यान तभी भंग हो पाता है जब अचानक बहुत सारे वाहन जल्दी निकलने के प्रयास में जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। वैसे कान से मोबाइल लगाए कार चालक और टेड़ी गर्दन किये मोबाइल कान से दबाए दुपहिया चालक आपको आम देखने को मिल जाएंगे। भले ही प्रशासन ने सभी जगह सड़क पर पार्टीशन किये हों लेकिन हमारे दोपहिया चालको को बीच से एक ओर से दूसरी ओर अवरोध हटाकर जाने की छूट प्राप्त है। फ्लाईओवर पर कितना भी दुर्घटना का खतरा क्यों न हो जनता को दोनों ओर आराम से रॉँग साइड सड़क क्रॉस करने की आज़ादी है भले ही यह कितनी भी यातायात में मुश्किल पैदा क्यों न कर दे। मुझे अक्सर कांबली फ्लाईओवर से गुजरना पड़ता है लेकिन एक बार भी फ्लाईओवर के दोनों ओर कोई वर्दी धारी नजर नही आया। अक्सर बीच के अवरोध को येनकेन तोड़कर दुपहिया वाहन रॉँग साइड घुसते नजर आते हैं।दुर्घटना हो जाय तो पुलिस की गलती या फिर फ्लाईओवर की बनावट में ही दोष निकाल दिया जाता है।

थोड़ा और आगे बढ़ते हैं। चौराहों पर लाल बत्ती लगी है और वर्दी धारी पुलिस या होमगार्ड भी ड्यूटी पर मुस्तेद है लेकिन यह क्या? वाहन लाल बत्ती से पहले नही बल्कि एक दो मीटर आगे रुकते हैं फिर भले ही हरी बत्ती वाली सड़क के वाहनों को चौराहा पार करने में अवरोध उत्पन्न हो लेकिन भाई साहब चिंता मत करिए यहां भी आपको अपनी पुलिस की मित्रता पर गर्व होगा चूंकि लाल बत्ती से आगे बढ़ने और पैदल मार्ग को अवरुद्ध कर देने पर भी आपके विरुद्ध कोई कार्यवाही नही होगी। बस सब्र कीजिये क्योंकि बाई तरफ जाने के लिये भी आपको गाड़ियों के अवरोध का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि सीधे जानेवाली गाड़िया अपनी लाइन में इंतज़ार न कर आगे निकल जाने की होड़ में बाई ओर का रास्ता भी अवरुद्ध कर देती है।चौराहों पर तीन चार लाइन में वाहन खड़े होना आम बात है। हर कोई हरी बत्ती होते ही सबसे पहले आगे निकल जाने की होड़ में लगा रहता है।

यह भी प्रशंसनीय है कि शहर के मुख्य चौराहों पर अपनी पुलिस जी तोड़ मेहनत करती भी नजर आती है। लेकिन साहब शहर अब बहुत बड़ा हो चुका है और चंद चौराहों तक सीमित नही रह गया है। गणमान्य नागरिक शहर के सभी भागों में रहते हैं और विभिन्न मार्गों से आया जाया करते हैं।हो सकता है विभाग के पास उपयुक्त संख्या में पुलिस फ़ोर्स न हो। यह भी हो सकता है कि सभी स्थानों पर लालबत्ती और सी सी टी वी कैमरे लगाने के लिये पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न हो। यह स्थिति भी कमोवेश हर शहर में हो सकती है। बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों की कमी होना स्वाभाविक भी है। उलझिए मत परेशानियां हो सकती हैं लेकिन हल भी इन्ही परेशानियों के बीच से निकलता है। जरा निगाह दौड़ाइये, बहुत से शहरों की सफलता की कहानियां भी आपको सुनने को मिल जाएंगी। छोटा सा उदाहरण है। क्या कारण है कि दिल्ली या चंडीगढ़ की सीमा में घुसने से पहले दोपहिया चालक का हेलमेट अपनेआप सर पर विराजमान हो जाता है। तीसरी सवारी ? ना बाबा ना आगे चालान हो जाएगा। आपकी सीट बेल्ट सीने को तुरंत कस कर पकड़ लेती है और मोबाइल फ़ोन चुपचाप कान के पास से जेब मे पहुंच जाता है। गाड़ी के ब्रेक अपने आप दुरुस्त होकर गाड़ी को लाल बत्ती से पहले ही रोक देते हैं।हमारा उद्देसस्य पुलिस की शिथिलता अथवा जनता की अनुशासन हीनता को उजागर कर किसी की छवि अथवा गरिमा को हानि पहुंचाना नहीं बल्कि समाज के दोनों पक्षों की जागरूकता से शहर के यातायात को निर्विघ्न करना है।

समस्या का हल स्पष्ट है। भय के बिना प्रीत भी नहीं होती। यदि गलती के साथ तुरंत चालान और भारी जुर्माने का डर हो तो स्वयमेव अनुशासन स्थापित हो जाता है। पुलिस का मित्रवत व्यवहार वास्तव में प्रशंसनीय है लेकिन यह मित्रता मानवता तक उचित है। अपराध छोटा हो या बड़ा, अपराध होता है। बल्कि छोटे अपराधों को नजरअंदाज करना बड़े अपराधों का कारण बन जाता है। पुलिस के मित्रवत व्यवहार के अधिकारी सबसे पहले वो सभ्य नागरिक हैं जो कानून व्यवस्था को हर प्रकार से सहयोग करते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों को सबसे पहले पुलिस के मानवीय सदव्यवहार की आवश्यकता होती है। अतः पुलिस विभाग से अपेक्षा की जाती है कि शहर में सुचारू, अवरोधमुक्त यातायात संचालन के लिये कानूनी सहयोग का वातावरण तैयार करे। आम व्यक्ति को यह एहसास होंना चाहिये कि यातायात नियमों की अवहेलना उसके लिये निश्चित रूप से महंगी साबित होगी। इसके लिये पुलिस की सजगता, तत्परता और असहनशीलता के अनुभव का एहसास होना चाहिए। कानून का भय भी आवश्यक है और यह तभी संभव है जब पुलिस बल सुनिश्चित करे कि नियम उल्लंघन हुआ नही और तुरंत चालान। हर छोटे से छोटे उल्लंघन को चेक किया जाना वातावरण को अनुशासित बनाने में सहयोग करेगा। कुछ आवश्यक सुझावः

1 प्रत्येक चौराहे और लाल बत्ती पर स्टॉप लाइन और पैदल ज़ेबरा क्रासिंग को सफेद , पीले पेंट से अंकित किया जाए।

2 बाए जाने वाली लेन को रेखांकित किया जाय और उसे मुक्त रखा जाना सुनिश्चित कराया जाए।

3 फ्लाईओवर के नीचे क्रॉस मार्गो पर पार्किंग प्रतिबंधित कर यू टर्न के निशान अंकित किये जाने चाहिए।

4 सड़को पर यू टर्न सीमित किये जायें।

5 फ्लाईओवर पर सड़क को विभक्त करने वाली पक्की पटरी अथवा रैलिंग का निर्माण कराया जाय जिसकी ऊंचाई कम से कम एक फुट रखी जाय जिससे कोई भी वाहन उसे लांघ न सके।

6 रॉँग साइड एंट्री पर सख्त कार्यवाही हो।

7 वीडियो चालान का विस्तार कर प्रभावी बनाया जाय।



8 यातायात प्रबंधन में अधिक से अधिक स्वयं सेवकों और स्वयंसेवी संगठनों की सहायता ली जाय।

9 यातायात कर्मियों को अधिक उत्तरदायी बनाना चाहिये।इसके साथ प्रोत्साहन योजना भी लागू करनी चाहिए।

10 सड़को पर स्टंट करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के वाहन निरुद्ध कर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये इसके लिये सचल दलों को अधिक चौकन्ना होने और कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

11 जहां तक संभव हो सड़क किनारों पर पैदल मार्ग चिन्हित कर अवरोध रहित सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

12 पार्किंग व्यवस्था को और अधिक अनुकूल बनाने की अवश्यकता है। कहीं भी बेतरतीब पार्किंग नही होनी चाहिये भले ही वह अल्प कालिक क्यों न हो।

# बर्फीले तूफान से अमेरिका में 14 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द

## साउथवेस्ट एयरलाइंस में गहराया संकट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



अमेरिका में बर्फीले तूफान से लोगों की जिंदगी पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक 14,500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के मुताबिक 28 दिसंबर की सुबह 2,500 और उड़ानें रद्द कर दी गईं।

अमेरिकी परिवहन मंत्री पीट बटिगिएग ने बुधवार को कहा कि हजारों रद्द उड़ानें सिस्टम की विफलता है। उन्होंने कहा कि मुझे गलत मत समझिए, यह सब उस भीषण तूफान के साथ शुरू हुआ। हमने देखा कि सर्दियों का मौसम देश को प्रभावित कर रहा है और सभी एयरलाइनों को गंभीर रूप से बाधित कर रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल के दिनों में देशभर में मौसम संबंधी घटनाओं में कम से कम 60 लोगों की मौत की खबर है। उन्होंने विमान कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि उड़ानों को रद्द होना साउथवेस्ट एयरलाइंस सिस्टम की विफलता है।

आगे कहा कि एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य पहुंचाने जरूरत है और उन्हें केवल उड़ानों के लिए ही नहीं बल्कि पर्याप्त मुआवजा प्रदान जाना चाहिए। आगे कहा कि होटल, जमीनी परिवहन, भोजन जैसी चीजें यह एयरलाइंस की जिम्मेदारी है।

इससे पहले क्रिसमस के मौके पर काफी यात्री हवाई अड्डों पर फंसे रहे थे। उनकी फ्लाइट या तो रद्द हो गई थी या फिर उनके उड़ानों में देरी थी। अटलांटा, शिकागो, डेनेवर, डेट्रॉयट और न्यूयॉर्क तक एयरपोर्ट्स का बुरा हाल था। बफेलो एयरपोर्ट को बंद रखा गया। गुरुवार से सोमवार की सुबह तक 16,000 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। बफेलो नियाग्रा सहित कई हवाई अड्डे समय-समय पर बंद रहे। अमेरिका में इस तूफान से बफेलो क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई है।